कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-काशी, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी ।

प्रेस-नोट

दिनांक-14/06/2024

विषयः-थाना सिगरा पुलिस द्वारा 50 केन वियर ब्रान्ड किंग फिशर मात्रा- 500 ML/केन कुल-25 लीटर के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी, व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0155/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र अरुण सिंह निवासी वार्ड नंबर 08 छिटावन जनपद पटना बिहार उम्र -23 वर्ष को माल गोदाम रोड के पास थाना सिगरा क्षेत्र से दिनांक 13/06/2024 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक-13/06/2024 को उ0नि0 श्री भरत भट्ट मय हमराह हे0 कां0 संतोष सिंह व फैन्टम -27 के कर्मचारीगण हे0का0 अवधेश राय का0 अखिलेश गिरी के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन मे मामूर होकर जवाहर नगर तिराहे पर संदिग्ध वाहन/ व्यक्तियों को चेक कर रहे थे कि तभी मुखबिर खास मौके पर आया और बताया कि साहब एक व्यक्ति माल गोदाम रोड पर नीले रंग के ट्राली बैंग में अधिक मात्रा में वियर लिये खड़ा है और कहीं जाने के फिराक में हैं उक्त सूचना पर विश्वास कर के मै उ0नि0 मय हमराहियान मय मुखबिर खास के जवाहर नगर तिराहे से प्रस्थान कर जैसे ही माल- गोदाम पहुँचा और देखा कि हाँथ मे एक नीले रंग के बड़ा ट्राली बैग लिये खड़ा है जिसमे बियर रखा है कही जाने के फिराक मे है, इतना बता कर मुखबिर खास चला गया, मुखबिर खास द्वारा बताये गये व्यक्ति की ओर बढ़े, अभी कुछ दूरी पर ही थे कि वह व्यक्ति हम पुलिस वालो को अपने तरफ आता देखकर घबरा गया व अपने बाँये मुड़ कर तेज गति से चलने लगा, जिससे उक्त व्यक्ति की संदिग्धता स्पष्ट होते ही हम पुलिस वालो ने दौड़ाकर 10-15 कदम जाते - जाते एक बारगी दबिश दे कर पकड़ लिया,पकड़े गये व्यक्ति से नाम-पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम शुभम कुमार पुत्र अरुण सिंह निवासी वार्ड नंबर 08 छिटावन पटना बिहार उम्र -23 वर्ष बताया, जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया है।

विवरण पूछतांछ -

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से नाम व पता पूछने पर अपना नाम शुभम कुमार पुत्र अरुण सिंह निवासी वार्ड नंबर 08 छिटावन पटना बिहार उम्र -23 वर्ष बताया तथा पकड़े गये व्यक्ति से भागने का कारण पूछा गया तो बता रहा है कि साहब मेरे पास 50 केन वियर ब्रान्ड किंग फिशर मात्रा- 500 ML/केन कुल-25 लीटर है, जिसे बिहार राज्य में ले जाकर ऊँचे दामों में बेंचता हूँ आप लोगों को देखकर पकड़े जाने के डर से भाग रहा था किन्तु पकड़े गये। साहब मुझसे गलती हो गई, मुझे माफ कर दीजिए।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र-

शुभम कुमार पुत्र अरुण सिंह निवासी वार्ड नंबर 08 छिटावन पटना बिहार उम्र -23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

50 केन वियर ब्रान्ड किंग फिशर मात्रा- 500 ML/केन कुल-25 लीटर।

अपराधिक इतिहासः-निल।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री राजू सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री भरत भट्ट थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0कां0 संतोष सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अवधेश राय थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अखिलेश गिरी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी।